उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 69/2022/1274/छप्पन-2022-34/2016
लखनऊ, दिनांक: 09 सितम्बर, 2022

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 के अन्तर्गत प्रवक्ता (एवियॉनिक्स) के पद पर श्री संतोष कुमार सिंह को रू0 45,600/- (रूपए पैंतालीस हजार छ: सौ मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक पर शासनादेश संख्या:- 67/2016/1240/छप्पन-2016-19/11 दिनांक 05 सितम्बर, 2016 द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अग्रेत्तर 02 वर्ष के लिए नियुक्त किया गया था। जिसके अनुपालन में उनके द्वारा दिनांक 06 सितम्बर, 2016 के पूर्वाह्न में अपना योगदान प्रस्तुत किया गया। तदुपरान्त श्री संतोष कुमार सिंह, प्रवक्ता (एवियॉनिक्स) की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए उनकी संविदा सेवा अवधि अग्रेत्तर बढाई जाती रही तथा अन्तिम बार कार्यालय ज्ञाप संख्या- 82/2021/1620/छप्पन-2021-34/2016 दिनांक 31 अगस्त, 2021 द्वारा उनकी संविदा अवधि अग्रेत्तर 01 वर्ष (दिनांक 06 सितम्बर, 2021 से दिनांक 05 सितम्बर, 2022 तक) के लिए बढाई गई थी।

2- निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा अपने पत्र दिनांक 05 अगस्त, 2022 के माध्यम से श्री संतोष कुमार सिंह, प्रवक्ता (एवियॉनिक्स) की संविदा सेवा अवधि दिनांक 06 सितम्बर, 2022 से अग्रेत्तर 01 वर्ष अर्थात दिनांक 05 सितम्बर, 2023 तक बढ़ाए जाने की संस्तुति करते हुए शासन के निर्णयार्थ उपलब्ध कराया गया है।

3- अतः एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ के उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 के अन्तर्गत प्रवक्ता (एवियॉनिक्स) के पद पर संविदा के आधार पर कार्यरत श्री संतोष कुमार सिंह की संविदा सेवा अवधि दिनांक 06 सितम्बर, 2022 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात 05 सितम्बर, 2023 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

4- श्री संतोष कुमार सिंह की सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

आनन्द कौशिक
अनु सचिव

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या: 69/2022/1274(1)/छप्पन-2022-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री संतोष कुमार सिंह, प्रवक्ता (एवियॉनिक्स) से निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध पत्र निष्पादित करके उसकी प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
5. श्री संतोष कुमार सिंह, प्रवक्ता (एवियॉनिक्स), एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7.
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।